ऑडियो क्लिप को सुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए

प्रश्न 1. सुनी गई कविता का क्या शीर्षक है?

क कब तक बोझ संभाला जाए

ख फैंक कहां तक भाला जाए

ग द्वंद कहां तक पाला जाए

प्रश्न 2. भारत भूमि के प्रति प्रेम किस पंक्ति से स्पष्ट होता है?

क इस बिगड़ैल पड़ोसी को तो फिर शीशे में ढाला जाए

ख दोनों और लिखा हो भारत सिक्का वही उछाल आ जाए

ग कब तक बोझ संभाला जाए युद्ध कहां तक टाला जाए।

प्रश्न 3. बिगड़ैल पड़ोसी को शीशे में किस प्रकार ढाला जा सकता है?

क युद्ध में हराकर

ख प्रेम और सहृदयता का संदेश देकर

ग उपर्युक्त दोनों तरह से

प्रश्न 4. 'फैंक कहां तक भाला जाए' आज के संदर्भ में यह किस पर लागू होता है?

क ओलंपिक में भाला फेंकने में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा पर

ख भारत की साहसी सेना पर

ग दोनों पर

LIVEWORKSHEETS

प्रश्न 5. 'वाहिद के घर दीप जले तो मंदिर तलक उजाला जाए' पंक्ति में कवि क्या संदेश देना चाहता है?

क सभी धर्मों के लोगों में प्रेम और सद्भाव हो

ख विशेष धर्म के लोगों को ही आगे आने का अवसर मिले

ग सभी धर्मों के लोग एक दूसरे की खुशियों में शामिल हों

प्रश्न 6. 'दूध छीन बच्चों के मुख से क्यों नागों को पाला जाए' पंक्ति में कवि के अनुसार नाग कौन है?

क अत्याचारी

ख देश के शत्रु

ग सांप

प्रश्न 7. कवि ने हमें राणा का वंशज क्यों कहा है?

क क्योंकि हम महाराणा के वंशज हैं

ख क्योंकि हम भी उनकी तरह ही वीर और साहसी हैं

ग क्योंकि हम भी हर कठिनाई का सामना कर सकते हैं

प्रश्न 8. 'तेरे मेरे दिल पर ताला' से कवि का क्या अभिप्राय है?

क धार्मिक मतभेद

ख आपस में दूरी

ग दिल पर ताला

प्रश्न 9. 'बिगड़ैल पड़ोसी' में 'बिगड़ैल' शब्द व्याकरण की दृष्टि से क्या है?

LIVEWORKSHEETS

क क्रिया विशेषण

ख संज्ञा

ग विशेषण

प्रश्न 10. 'युद्ध कहां तक टाला जाए' कहना कवि की किस भावना की ओर संकेत करता है?

क सब्र की भी सीमा होती है

ख दुश्मन को मज़ा चखाना चाहिए

ग ऊपर लिखित दोनों

प्रश्न 11. 'वंशज' का क्या अर्थ है?

क संतान

ख हमारे पूर्वज

ग दोनों में से कोई नहीं

LIVEWORKSHEETS